हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जून 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 झरनों, पुल-पुलियों पर निगरानी, ट्रैक्टर...



09 किसान के हाथ के पंजे कटे मिले, परिजनों ने अपहरण...



## खबर संक्षेप

### 1 से 7 जून तक की जा रही स्वास्थ्य व पर्यावरण जागरुकता गतिविधियां

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 2 जून को मनाए जाने वाले हीट एक्शन डे तथा 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 7 जून तक जिले में विभिन्न जनजागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। हीटवेव के दृष्टिगत आमजन को हीट रिलेटेड बीमारियों से बचाव, समय पर पहचान एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को स्वास्थ्य संस्थानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामुदायिक संगठनों से जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण एवं हीट वेव से बचाव संबंधी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने की अपील की गई है। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान वे पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, अनावश्यक धूप में न निकलें और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें।

### जैविक खेती और योजनाओं की किसानों को देना थी जानकारी, समस्याओं का किया जाना था समाधान

# कागजों में दौड़ा कृषि रथ, धरातल पर धोखा: किसानों को योजनाओं की जानकारी नहीं, 50 हजार की राशि हजम

सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। प्रदेशभर में कृषि रथ अभियान चलाया गया।

सुशील मालवीय ⏭ इछावर



खरीफ सीजन की बुआई शुरू होने से पहले किसानों को पराली प्रबंधन , जैविक खेती , स्वाइल हेल्थ कार्ड और आधुनिक कृषि उपकरणों जैसी गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए शासन द्वारा प्रदेशभर में कृषि रथ अभियान चलाया गया , लेकिन तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह यह अभियान सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया। जिम्मेदारों ने कृषि रथ धरातल पर गांव - गांव न पहुंचाकर कागजों में ही जमकर दौड़ाया। पंचायतों में रथ नहीं पहुंचने से न सिर्फ सरकार के इस महत्वाकांक्षी अभियान को पतीला लगा बल्कि किसानों को योजनाओं की जानकारी से भी वंचित होना पड़ा।

सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। इसी के तहत प्रदेशभर में कृषि रथ अभियान चलाया गया। यह अभिमान विकासखण्ड में 21 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। इसके तहत 10 दिनों तक कृषि रथ गांव - गांव पहुंचकर किसानों को पराली प्रबंधन , जैविक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड और आधुनिक कृषि उपकरणों जैसी गतिविधियों के बारे में जागरूक किया जाना था। रथ के साथ कृषि विभाग अधिकारियों के अलावा कृषि विज्ञान केन्द्र , कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ शामिल होना थे । ताकि इस दौरान कृषि वैज्ञानिक सीधे किसानों से संवाद कर उन्हें खेती में आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान बताया जा सकें। इस रथ का रूट इस तरह तय किया गया जाना था कि सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। कृषि रथ के संचालन हेतु करीब 50 हजार रुपए की राशि भी आवंटित की गई । इस राशि से रथों का संचालन , गांवों में कार्यक्रम और प्रचार - प्रसार किया जाना था। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और उदासीनता के कारण ये रथ विकासखण्ड के सभी गांवों में नहीं पहुंचा। स्थिति यह रही कि अधिकारियों द्वारा चंद गांव पहुंचकर अभियान की रस्म अदायगी कर दी गई। ऐसे में किसानों को न तो योजनाओं की जानकारी मिल सकी और न ही उनकी समस्याओं का समाधान हो पाया।

### किसानों का आरोप : रथ गांव आया न जानकारी मिली

गांव दीवड़यि के किसान एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जयसवाल ,भारतीय किसान मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं आर्या गांव के वरिष्ठ किसान रामभरोस जाखड़, गांव रघुनाथपूरा के हेमराज पटेल, दुडलई के सुरेश जाट झरखेड़ा के महेश जाट, आदि किसानों ने बताया कि उनके गांव में अभी तक कृषि रथ आया और न ही कृषि व अन्य विभागों के अधिकारी आएं हैं। किसानों को आधुनिक खेती और उपकरणों की जानकारी भी नहीं है। अधिकांश किसान परंपरागत तरीके से ही खेती कर रहे हैं जिससे उत्पादन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हो पा रही हैं। भारतीय किसान संघ के ब्लांक अध्यक्ष राजमल नागर का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं और अभियान चलाकर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं , लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण किसानों को इसका समुचित लाभ और जानकारी नहीं मिल रही है। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी वीके शर्मा का कहना है कि समय एवं स्टाफ की कमी के चलते सभी गांव कवर नहीं कर पाए अगले सत्र में छूटे हुए गांव कवर किए जाएंगे।

### कृषि रथ से खेती के बदलते तरीकों से किसानों को कराना था रूबरू

ई- टोकन से खाद वितरण - सही मात्रा में उपयोग की देना थी जानकारी ।
जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने के आसान तरीके बताना ।
मिट्टी जांच और स्वाइल हेल्थ कार्ड का महत्व समझाना ।
फसलों में कीट और बीमारियों से बचाव के उपाय बताना ।
खेती में लागत घटाकर मुनाफा बढ़ाने की तकनीक समझाना
एक ही खेत में अलग - अलग फसलें लेने के फायदों की जानकारी ।
किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देना ।
प्रधानमंत्री धन -धान्य कृषि योजना के फायदे समझाना ।
पराली जलाने के नुकसान और प्रबंधन के तरीके बताना ।
खरीफ बुआई से पहले खेत समतल करने की तकनीक सिखाना ।

### कृषि वैज्ञानिक के साथ प्रगतिशील किसानों को करना था शामिल

कृषि रथ सिर्फ योजनाओं का प्रचार नहीं बल्कि गांवों में किसानों की समस्याएं सुनने और मौके पर समाधान बताने का भी काम करना था। प्रत्येक विकासखण्ड में एक कृषि रथ 10 दिनों तक रोज 3-4 ग्राम पंचायतों और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों तक पहुंचना था। खासबात यह है कि रथ के साथ कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा प्रगतिशील किसानों को भी शामिल किया जाना था। ताकि किसान सीधे उनसे रूबरू होकर खेती, खाद , बीज , रोग और उत्पादन बढ़ाने से सवाल पूछ सकें।

## भाजपा मंडल नलखेड़ा की बैठक सम्पन्न पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा



**नलखेड़ा।** भाजपा मंडल नलखेड़ा की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में पार्टी के दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निधन पर शोक व्यक्त कर दो मिनट की श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को भाजपा मंडल नलखेड़ा की बैठक आगामी कार्यक्रम को लेकर सम्पन्न हुई। जिसमें अतिथि के रूप मे पूर्व जिला अध्यक्ष तथा मंदसौर जिले के प्रभारी दिलीप सकलेचा,अनुसुचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन कटारा,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता भाजयुमो के प्रदेश पदाधिकारी सुनिल पाटीदार मंडल के अध्यक्ष रोहित सकलेचा उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष सकलेचा द्वारा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी गई। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामचंद्र मकवाना व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र बडेरा के बड़े भाई कैलाशचन्द बडेरा के निधन पर भाजपा मंडल नलखेड़ा द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।





## भाजपा बड़ागांव मंडल की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी मंडल बड़ागांव की बैठक जिला मंत्री पवन वेदिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। मंगलवार को सम्पन्न बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष दरबारसिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान, नगर परिषद बड़ागांव उपाध्यक्ष लाडसिंह राजपूत सहित मंडल बड़ागांव के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 100 आवेदनों की सुनीं समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 100 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्री-मानसून बारिश, तापमान में गिरावट:आंधी से कई जगह पेड़ गिरे, 20 जून तक मानसून की संभावना



**सीहोर।** जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम में बड़ा बदलाव आया है। भीषण गर्मी और 44 डिग्री सेल्सियस तापमान से जूझ रहे जिले को प्री-मानसून बारिश और तेज हवाओं से राहत मिली है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

दो दिनों की तपिश के बाद पारा गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे लोगों को लू से राहत मिली। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में आष्टा में 22 मिमी, जावर में 3.1 मिमी, इछावर में 13 मिमी, भेरूंदा में 25 मिमी, बुधनी में 2.5 मिमी, रेहटी में 16.2 मिमी, सीहोर में 2 मिमी और श्यामपुर में 3 मिमी बारिश हुई। मौसम बदलने के साथ ही जिले में कई जगहों पर तेज आंधी-तूफान भी आया। हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क किनारे और खेतों में कई पेड़ धराशायी हो गए, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। सुबह से ही आसमान में काले घने बादल छाए हुए हैं और अनेक गांवों में लगातार रिमझिम फुहारें पड़ रही हैं, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, सीहोर समेत पूरे मध्य प्रदेश में इस बार मानसून की एंट्री में थोड़ी देरी हो सकती है। आमतौर पर 10 से 15 जून तक आने वाला मानसून इस साल 20 जून के आसपास सीहोर जिले में दस्तक दे सकता है। वर्तमान में हो रही बारिश प्री-मानसून गतिविधियों और पश्चिमी विक्षोभ के असर का परिणाम है। अनुमान है कि 20 से 30 जून के बीच मानसून पूरे जिले को कवर कर लेगा।

मौसम में आए इस बदलाव से गर्मी से राहत मिली है, लेकिन मौसम विभाग ने आंधी-तूफान को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। खराब मौसम के दौरान पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने को कहा गया है।

### 24 घंटे में कितनी हुई बारिश

आष्टा 22.0
जावर 3.1
इछावर 13.0
भेरूंदा 25.0
बुधनी 2.5
रेहटी 16.2
सीहोर 2.0
श्यामपुर 3.0

### 502 स्वास्थ्यकर्मियों की बगावत से हिली व्यवस्था, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर एनएचएम स्टॉफ

# हक की जंग में उतरे स्वास्थ्य योद्धा, 502 कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप, सेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिन कंधों पर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था टिकी हुई है, वही कर्मचारी अब अपने हक की लड़ाई के लिए मैदान में उतर आए हैं। माताओं और बच्चों की देखभाल से लेकर टीकाकरण और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। 502 कर्मचारियों के एक साथ आंदोलन में उतरने से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। कर्मचारियों का साफ कहना है कि अब आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, अधिकार चाहिए तो संघर्ष भी होगा।

**नई टीम बनी, आंदोलन को मिली नई धार :** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला एवं विकासखंड स्तरीय बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से हरिओम मेवाड़ा को जिलाध्यक्ष और सुश्री रुचिरा उइके को जिला महिला अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही आंदोलन को नई दिशा और नई ताकत मिल गई है। बैठक में मौजूद कर्मचारियों ने संगठन की मजबूती और मांगों की लड़ाई को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों का कहना था कि अब कर्मचारी किसी भी कीमत पर पीछे हटने वाले नहीं हैं।

**स्वास्थ्य विभाग में बढ़ी चिंता, सेवाओं पर मंडराया संकट :** सीहोर जिले में एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत 502 संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाते हैं। यही कर्मचारी टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को जमीन पर संचालित करते हैं।

हड़ताल के कारण इन सेवाओं की रफ्तार थमने का खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग भी हालात पर नजर बनाए हुए है, क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारियों के आंदोलन में शामिल होने से व्यवस्थाएं प्रभावित होना तय माना जा रहा है।



**वर्षों से दबा आक्रोश आखिर फूट पड़ा :** कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कई बार शासन और प्रशासन का दरवाजा खटखटाया।

ज्ञापन दिए गए, निवेदन किए गए, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा दायित्व निभाने के बावजूद संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। यही असमानता अब आंदोलन का सबसे बड़ा कारण बन गई है।

### इन मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई

आंदोलनकारी कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री की नियमितीकरण संबंधी घोषणा को तत्काल लागू करने, एनपीएस और स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि लागू करने और नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता देने की मांग उठाई है। इसके अलावा वेतन विसंगति दूर करने, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, नियमित कर्मचारियों जैसी अवकाश सुविधाएं देने तथा आउटसोर्सिंग व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि जब जिम्मेदारियां समान हैं तो सुविधाओं में भेदभाव क्यों?

### गूंजे एकता के नारे, संघर्ष जारी रखने का ऐलान

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हरिओम मेवाड़ा ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। वहीं जिला महिला अध्यक्ष रुचिरा उइके ने महिला कर्मचारियों से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक के अंत में संविदा एकता जिंदाबाद, अभी करो-अर्जेंट करो₹ और कर्मचारियों की एकता के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कर्मचारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक यह लड़ाई थमने वाली नहीं है।

## 3 दिन तक पर्यावरण का जश्न 4 से 6 जून तक सत्य साईं विश्वविद्यालय में होगा आयोजन

**सीहोर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 पर सत्य साईं विश्वविद्यालय ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज, सीहोर 3 दिन तक पर्यावरण के नाम रहेगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से 4 से 6 जून 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम होगा। इस साल का विषय रखा गया है: प्रकृति से प्रेरित, जलवायु और हमारे भविष्य के लिए। यह कार्यक्रम कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में होगा। संरक्षण डॉ. राजेश शर्मा, कुलसचिव और डॉ. संजय राठौर, परीक्षा नियंत्रक करेंगे। समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार पुसे रहेंगे। सह-समन्वयक डॉ. गीता खूबचंदानी, देश दीपक श्रीवास और अंकित नवगीत जोशी हैं।

### देशभर के विशेषज्ञ देंगे जानकारी

विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थी, शोधार्थी और प्राध्यापक शामिल होंगे। देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों से आमंत्रित विशेषज्ञ पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और नई हरित तकनीकों पर व्याख्यान देंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं। विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए निबंध, पोस्टर/चित्रकला, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रमोद पगारे पिता स्व. श्री महादेव पगारे, आयु 67 वर्ष, निवासी 26/1, वार्ड नं. 22, ईदगाह के पास इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं ड्राइविंग लायसेंस में मेरा नाम PRAMOD PAGARE S/O MAHADEV PAGARE, तथा पासपोर्ट में नाम PRAMOD KUMAR PAGARE S/O MAHADEV PAGARE दर्ज है। मैं PRAMOD PAGARE S/O MAHADEV PAGARE एवं PRAMOD KUMAR PAGARE S/O MAHADEV PAGARE दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के ही हैं। मेरे नाम के संबंध में भविष्य में यदि कोई आपत्ति होती है तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। मेरे दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वंय के हैं एवं मेरा सही नाम: PRAMOD PAGARE S/O MAHADEV PAGARE है ।

जाहिर सूचनाकर्ता
PRAMOD PAGARE
S/O MAHADEV PAGARE

## खबर संक्षेप

### नोटिस मिलने से नाराज नर्स ने की हाथ काटने की कोशिश

**देवास।** जिले के सोनकच्छ सिविल अस्पताल में एक बार फिर विवाद की स्थिति सामने आई है। यहां एक नर्सिंग अधिकारी ने खुद को कमरे में बंद कर सर्जिकल ब्लेड से अपना हाथ काटने का प्रयास किया। घटना सोमवार रात की है। इसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार, स्थापना शाखा द्वारा कुछ कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस मिलने से नाराज एक नर्सिंग अधिकारी स्थापना कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों के सामने विरोध जताते हुए संबंधित पत्र फाड़ दिए।
इसके बाद वह पास के एक कक्ष में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। अस्पताल कर्मचारियों के मुताबिक, नर्सिंग अधिकारी कमरे के भीतर सर्जिकल ब्लेड से अपना हाथ काटने का प्रयास कर रही थीं। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल स्टाफ मौके पर पहुंचा और उन्हें बाहर आने के लिए समझाने लगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, कर्मचारियों ने लगभग 20 सेकंड के भीतर दरवाजा तोडक़र उन्हें बाहर निकाला और ब्लेड छीन लिया। इस दौरान उनके हाथ में चोट भी आई, जिसकी अस्पताल में ही ड्रेसिंग की गई। घटित हुई इस घटना के बाद अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। उक्त घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए, सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बेक सोनकच्छ पहुंचीं और संबंधित कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। बताया गया है कि मामले की जांच जारी है और संबंधित नर्सिंग अधिकारी का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया है। घटना के बाद कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वेतन संबंधी मामलों और नोटिस जारी करने को लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ था, जिसके कारण यह विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। प्रशासन फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रहा है।

### मानसून से पहले अलर्ट मोड पर प्रशासन, तैयारियों की समीक्षा की

# झरनों, पुल-पुलियों पर निगरानी, ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रेडियम और नंबर प्लेट जरूरी

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन और सड़क सुरक्षा संबंधी तैयारियों को लेकर व्यापक रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, नशा मुक्ति अभियान, महिला अपराधों की रोकथाम, एससी-एसटी अत्याचार प्रकरणों, चिन्हित अपराधों, गबन एवं धोखाधड़ी तथा अवैध खनन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की।

#### बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

कलेक्टर ऋतुराज ने कहा कि वर्षा ऋतु में जिले के झरनों, पिकनिक स्पॉट और जलस्त्रोतों पर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित झरनों, रपटों और पुल-पुलियों का सर्वेक्षण कर संवेदनशील स्थलों की सूची तैयार करें। जहां पूर्व में डूबने या जलभराव की घटनाएं हुई हैं, वहां विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। खतरनाक स्थानों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

#### सक्रिय रहेगा आपदा नियंत्रण कक्ष

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय पर आपदा नियंत्रण कक्ष को चौबीसों घंटे सक्रिय रखा जाए। किसी भी प्रकार की आपदा, जलभराव अथवा दुर्घटना की सूचना तत्काल नियंत्रण कक्ष में दर्ज हो, जिससे राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू किए जा सकें। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बारिश के दौरान जिन पुल-पुलियों पर पानी भर जाता है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। पानी होने की स्थिति में किसी भी नागरिक को पुलिया पार करने की अनुमति नहीं दी जाए। ऐसे स्थानों पर प्रशासनिक कर्मचारियों की तैनाती की जाए, जो लोगों की आवाजाही पर निगरानी रखें और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करें। साथ ही निगरानी वाहनों में लाउडस्पीकर सिस्टम लगाए जाएं ताकि समय-समय पर लोगों को चेतावनी और आवश्यक जानकारी दी जा सके।

#### बैठक में दिए निर्देश, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम और नंबर प्लेट अनिवार्य

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर ने जिले में चलने वाले सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने और नंबर प्लेट प्रदर्शित करना अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना नंबर प्लेट और पंजीयन वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पहले सात दिनों का जागरूकता अभियान चलाया जाए और उसके बाद जिलेभर में सघन जांच अभियान शुरू किया जाए। किसानों और वाहन मालिकों को बीमा एवं पंजीयन के लाभों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने इंदौर-देवास और इंदौर-भोपाल मार्ग पर अवैध रूप से बनाए गए कट प्वाइंट बंद करने के निर्देश दिए। सड़कों और मोड़ों पर पर्याप्त संख्या में संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टिव मार्कर और सुरक्षा उपकरण लगाने को कहा। यात्री बसों में फिटनेस और परमिट की नियमित समीक्षा व कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमराव ने जिले के खेत तालाबों का किया निरीक्षण

### किसानों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव ने जिले के देवास एवं टोंकखुर्द के ग्रामों का भ्रमण कर रेवासागर तालाबों को निरीक्षण किया तथा किसानों से चर्चा की। उन्होंने ग्राम निपानिया, छोटा मालसापुरा, कलमा, टोंककला, चिड़ावद, धतुरिया, पाड़ल्या, टोंकखुर्द एवं ग्राम गौरवा का भ्रमण कर खेत तालाबों का अवलोकन किया।

उमराव ने ग्राम निपानिया में किसान पोप सिंह राजपूत के खेत में बने रेवासागर तालाब का लोकार्पण किया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने साफा बांधकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। उमराव ने ग्राम टोंककला में आयोजित ग्राम सभा में किसानों से चर्चा की। उन्होंने अन्य ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित कर किसानों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा अपने खेतों में तालाब बनाकर जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए उनकी सराहना की। प्रमुख सचिव उमराव ने कहा कि तालाब बनाकर किसानों ने जो काम किया है वह सदैव स्मरण रहेगा।

किसानों की मेहनत का परिणाम है कि टोंकखुर्द क्षेत्र का नाम जल संरक्षण के लिए देश-विदेश में जाना जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।इस दौरान किसानों ने बताया कि खेत तालाबों के बनने से हर घर पानी हर खेत में भरपूर पानी हो गया है। किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। इस दौरान उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. एस के गुरोंदिया, डॉ. मोहम्मद अब्बास, पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेंद्र प्रिय, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ मनोज बालोदिया, डॉ अरुण मिश्रा तथा बड़ी संख्या में कृषकगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### एसडीएम कन्नौद ने पटवारी अतुल पुरोहित को किया निलंबित, सतवास रहेगा मुख्यालय

**देवास।** अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद ने पटवारी अतुल पुरोहित को कार्य में लापरवाही बरतने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पटवारी अतुल पुरोहित का मुख्यालय तहसील सतवास रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

# 23 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त जवान का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम कुलाला निवासी सीआरपीएफ जवान जगदीश चौधरी 23 वर्षों तक देश सेवा का दायित्व निभाने के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम पहुंचे। उनके आगमन पर भौरासा फाटे से लेकर भौरासा नगर एवं ग्राम कुलाला तक जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।भौरासा नगर में छोटे हनुमान चौक पर नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा के नेतृत्व में सैनिक जगदीश चौधरी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पत्रकार अभय नागर, नरबत यादव, नवीन डोडिया, अनिल कुमावत, किशोर ट्रेलर, मनीष दूध डेयरी, अरविंद चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इसके बाद नगर और ग्राम कुलाला में विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत कुलाला के सरपंच तेज यादव द्वारा कोलू चौक, महाकाल ऑनलाइन एवं पंचायत कार्यालय के समीप भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने जगदीश चौधरी की देश सेवा को गौरव का विषय बताते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। पूरे क्षेत्र में उनके सम्मान को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा 07 खंड विस्तार प्रशिक्षकों, 27 सुपरवाइजरों 96 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के वेतन काटे जाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि 29 मई को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यकम के अंतर्गत यूविन पोर्टल पर पेंटा प्रथम डोज 50 प्रतिशत से कम पाया गया। जिस पर कलेक्टर सिंह ने जिले के 7 खण्ड विस्तार प्रशिक्षकों का 15 दिवस, 27 सुपरवाइजरों का 07 दिवस एवं 96 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का 03 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये है। सिंह ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता एवं तत्परता से करें, अन्यथा भविष्य में और भी कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. बेक ने संबंधित कर्मचारियों के आगामी माह के वेतन से उपरोक्तानुसार कटौत्रा सुनिश्चित करने के आदेश जारी कर दिये हैं।सीएमएचओ ने बताया कि सूची में 7 खण्ड विस्तार प्रशिक्षक बागली, बरोठा, सोनकच्छ, टोंकखुर्द, कन्नौद, खातेगांव एवं शहरी क्षेत्र देवास सम्मिलित हैं। 96 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उप स्वास्थ्य केन्द्र अम्बापानी, उप स्वास्थ्य केन्द्र भमोरी, उप स्वास्थ्य केन्द्र बिजूखेड़ा, उप स्वास्थ्य केन्द्र अवराज जानी, उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़यिामान्डू, उप स्वास्थ्य केन्द्र बिसाली, उप स्वास्थ्य केन्द्र डेहरिया साहू, उप स्वास्थ्य केन्द्र देवगढ़, उप स्वास्थ्य केन्द्र धाराजी, उप स्वास्थ्य केन्द्र फांगटी, उप स्वास्थ्य केन्द्र कानड़, उप स्वास्थ्य केन्द्र कांजर, उप स्वास्थ्य केन्द्र किशनगढ़, उप स्वास्थ्य केन्द्र मनापीपल्या, उप स्वास्थ्य केन्द्र नयापुरा, उप स्वास्थ्य केन्द्र पालखा, उप स्वास्थ्य केन्द्र पांडुतालाब, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोलाखाल, उप स्वास्थ्य केन्द्र इस्माइलखेड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र खजुरियाबीना, उप स्वास्थ्य केन्द्र लिंबोदा, उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़ीचुरलाय, उप स्वास्थ्य केन्द्र बांगरदा, उप स्वास्थ्य केन्द्र भड़ापीपल्या, उप स्वास्थ्य केन्द्र बिजापुर, उप स्वास्थ्य केन्द्र जामगोद, उप स्वास्थ्य केन्द्र लसुड़िया सोन्डा, उप स्वास्थ्य केन्द्र मेरखेड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र पटाड़ा, उप स्वास्थ्य केन्द्र सन्नौड़, उप स्वास्थ्य केन्द्र सिगांवदा, उप स्वास्थ्य केन्द्र सिरोलिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र सोन्डा, उप स्वास्थ्य केन्द्र टिगरिया छोटा, उप स्वास्थ्य केन्द्र बहिरावद, उप स्वास्थ्य केन्द्र बिजवाड न्यू, उप स्वास्थ्य केन्द्र डांगराखेडा, उप स्वास्थ्य केन्द्र डहेरिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र कलवार, उप स्वास्थ्य केन्द्र काटकुट, उप स्वास्थ्य केन्द्र खेरी, उप स्वास्थ्य केन्द्र कोलारी, उप स्वास्थ्य केन्द्र ननासा, उप स्वास्थ्य केन्द्र सुंद्रेल, उप स्वास्थ्य केन्द्र बधावा, उप स्वास्थ्य केन्द्र बाल्या, उप स्वास्थ्य केन्द्र भैसून, उप स्वास्थ्य केन्द्र भड़ारिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र बिचकुआं, उप स्वास्थ्य केन्द्र डेहरी, उप स्वास्थ्य केन्द्र गरदी, उप स्वास्थ्य केन्द्र इकलेरा-2, उप स्वास्थ्य केन्द्र हीरापुर-3, उप स्वास्थ्य केन्द्र खल, उप स्वास्थ्य केन्द्र खिरोदा, उप स्वास्थ्य केन्द्र मुहाय जांगीर, उप स्वास्थ्य केन्द्र सलामतपुरा, उप स्वास्थ्य केन्द्र सुरमन्या, उप स्वास्थ्य केन्द्र बचखाल, उप स्वास्थ्य केन्द्र चंदवाना, उप स्वास्थ्य केन्द्र कवलासा, उप स्वास्थ्य केन्द्र मचवास, उप स्वास्थ्य केन्द्र सवासड़ा, उप स्वास्थ्य केन्द्र अरनिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र बावई, उप स्वास्थ्य केन्द्र बीसाखेड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र बोलासा, उप स्वास्थ्य केन्द्र चांदाखेड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र छायन मैना, उप स्वास्थ्य केन्द्र चौबारा जागीर, उप स्वास्थ्य केन्द्र धतूरिया राम, उप स्वास्थ्य केन्द्र ऐनाबाद, उप स्वास्थ्य केन्द्र गढ़खजुरिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र घटियाभाना, उप स्वास्थ्य केन्द्र घिचलाय, उप स्वास्थ्य केन्द्र जलारिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र जामगोद, उप स्वास्थ्य केन्द्र कचनारिया, उप स्वास्थ्य केन्द्र खेरिया जागीर, उप स्वास्थ्य केन्द्र खुंटखेड़ा, उप स्वास्थ्य केन्द्र कुमारिया बनवीर, उप स्वास्थ्य केन्द्र लकुमडी, उप स्वास्थ्य केन्द्र लोंदिया न्यू, उप स्वास्थ्य केन्द्र मुंड़ला आना, उप स्वास्थ्य केन्द्र ओढ़, उप स्वास्थ्य केन्द्र पारदी खेडा, उप स्वास्थ्य केन्द्र पोलाय जागीर, उप स्वास्थ्य केन्द्र सादीखेड़ा, उप स्वास्थ्य केन्द्र सांवेर, उप स्वास्थ्य केन्द्र तालोद, उप स्वास्थ्य केन्द्र भुतिया बुजुर्ग, उप स्वास्थ्य केन्द्र कलमा, उप स्वास्थ्य केन्द्र लसुड़यि ब्राहमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र मुंडलादांगी, उप स्वास्थ्य केन्द्र नांदेल, उप स्वास्थ्य केन्द्र पाड़लिया का वेतन काटा जाएगा।

जिले के 27 सुपरवाईजरों के वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें विकासखण्ड बागली से किशोर मंडलोई, सीताराम सोलंकी, प्रकाश भार्गो, शिवा कनाड़यि, विकासखण्ड बरोठा से मोहन करावदिया, इमरान शेख, वीरेंद्र पवार, सुंदर वर्मा, अकील शेख, विकासखण्ड कन्नौद से शोभा कुकड़े, ईश्वर मेरुड़यि, बनवारीलाल,आरपी परमार, देवकरण, कालू सिंह, विकासखण्ड सोनकच्छ से रमेशचंद मालवीय, कन्हैयालाल राठौर, कैलाश एरवाल, आबिद खान, विकासखण्ड खातेगांव से रामलाल चावड़ा, संतोष वर्मा, लालसिंह अखंडी, मनाशंकर दुबे, कैलाश बैरागी, विकासखण्ड टोंकखुर्द से प्रहलाद सिंह, विक्रम नागर, गुलरेजुद्दीन शेख हैं। सीएमएचओ डॉ. बेक ने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से अपना कार्य समय सीमा में जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए हैं।

### समान नागरिक संहिता के अध्ययन व परीक्षण के लिए गठित समिति की बैठक आयोजित

# बैठक में जनप्रतिनिधिगणों, प्रबुद्ध नागरिकों से लिए सुझाव







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

समान नागरिक संहिता के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य डॉ. गोपाल शर्मा द्वारा विभिन्न सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने समान नागरिक संहिता के संभावित स्वरूप, विभिन्न राज्यों के अनुभव, सामाजिक समरसता तथा नागरिक अधिकारों से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में जनप्रतिनिधिगणों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्यगणों, पत्रकारगणों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। समिति सदस्य डॉ. गोपाल शर्मा ने पारिवारिक कानूनों, महिलाओं के अधिकार, सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक प्रावधानों के संबंध में सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने आगामी चरणों में नागरिकों से संवाद एवं सुझाव प्राप्त करने के लिए ucc.mp.gov.in पोर्टल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव ucc.mp.gov.in पोर्टल पर भेज सकते है। संविधान में समानता के लिए यूसीसी लाने का प्रस्ताव है। इसी के लिए आज विचार विमर्श हो रहा है। कुछ प्रदेशो में पूर्व में यूसीसी लागू हो गया है। प्रदेश सरकार चाहती है कि यूसीसी लागू करने से पूर्व नागरिकों के सुझाव लिए जाए। यूसीसी का केन्द्र बिन्दु परिवार है। शर्मा ने कहा कि पारिवारिक संबंधो से ताल्लुकात रखने वाले जो कानून है, वो समान नागरिक संहिता के परिधि में आते है। मिसाल के तौर पर विवाह, विवाह विच्छेद, भरण पोषण, उत्तराधिकार, लिविंग है। हम सभी जानते है कि परंपरागत रूप से हमारे देश में विभिन्न प्रकार के धर्म समुदायों के लिए विभिन्न प्रकार के पारिवारिक लॉ लागू है। आजादी के बाद इनमें से कुछ कानूनों को सुधार करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी भी बहुत से विषय ऐसे है जिनको सुधार नही किया गया है, जो परंपरागत रीति रिवाजों से चलते है। समिति सदस्य शोभा पैठणकर ने यूसीसी के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी कार्य सरकार अकेले नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता हमारी पहचान है, सभी को मिलकर कार्य करना होगा। समिति सभी जिलों में जाकर सुझाव ले रही हैं। सुझावों के आधार पर ड्राफ्ट तैयार होगा। बैठक में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, नगर निगम सभापति रवि जैन, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्यगण, पत्रकारगण, प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। आभार अपर कलेक्टर संजीव जैन ने माना।

# शिक्षिका दुबे एवं ठाकुर की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर

स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में पदस्थ शिक्षिकाओं शोभा दुबे एवं पुष्पा ठाकुर के अधिवर्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। शोभा दुबे ने विद्यालय में लगातार 39 वर्षों तक शिक्षकीय सेवा प्रदान की। वे सुयोग्य, कर्तव्यपरायण, ईमानदार एवं समयनिष्ठ शिक्षिका रहीं। अपने सेवा काल में उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन, निष्ठा और तत्परता के साथ किया। वहीं पुष्पा ठाकुर ने 25 वर्षों तक विद्यालय में शिक्षण कार्य करते हुए अपनी सेवाएं दीं। वे सरल, सहज, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका के रूप में जानी जाती रहीं।समारोह में दोनों शिक्षिकाओं का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने उनके उत्कृष्ट कार्य, व्यवहार एवं दीर्घकालीन सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अनंत नागर ने की। मुख्य अतिथि पूर्व बीईओ नारायण भंडोले तथा विशेष अतिथि मोहनलाल पांडे, चिंतेश दुबे एवं पुरुषोत्तम मान्धन्या रहे।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, दोनों शिक्षिकाओं के परिजनों, विद्यालय स्टाफ तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र जाट ने किया तथा आभार प्रदर्शन पंकज पाटीदार ने माना।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत पिपरियावंशा स्थित नयागांव पुलिया के पास मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में मिट्टी के बर्तन बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में नईबस्ती, कस्बा जाखलौन निवासी साफिर उर्फ साकिर पुत्र हमीद खां ने बताया कि उनका छोटा भाई इकबाल फेरी लगाकर मिट्टी के बर्तन बेचने का काम करता था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह पिपरियावंशा में नयागांव पुलिया के पास टैक्सी से उतरकर गांव की ओर बर्तन बेचने जा रहा था। इसी दौरान जाखलौन की ओर से आ रहे गेहूं से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने इकबाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इकबाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ललितपुर भेजा गया, जहां इकबाल को मृत घोषित कर दिया।

### बाइक चालक ने महिला को टक्कर मारी, हालत गंभीर

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम पिपरियावंशा में सोमवार शाम एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि बाइक चालक शराब के नशे में था। घायल महिला को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी सोमवार 1 जून की शाम करीब छह बजे घर के निकट स्थित सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

मोटरसाइकिल संख्या एमपी-09 एनवी-4771 का चालक देवेन्द्र पुत्र नत्थू लोधी निवासी ग्राम परौदा शराब के नशे में धुत था और तेज गति से बाइक चला रहा था। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार महिला का उपचार जारी है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के अगले दिन पीड़ित पति ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में आरोपी देवेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी, पैर टूटा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में झरर घाट पुलिस चौकी के सामने तेज रफ्तार महिंद्रा एक्सयूवी 700 कार ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक कई फीट दूर जा गिरा, उसका दाहिना पैर दो स्थानों से टूट गया और सिर में गंभीर चोट आई। कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मध्य प्रदेश के शिवपुरी के ग्राम गूगरी निवासी अशोक रजक पुत्र चन्ना रजक ने बताया कि वह अपनी पत्नी गुडडन के साथ 26 मई को अपनी पुत्री संतोषी के घर वर्मा विहार आए थे। अगले दिन 27 मई की शाम करीब 5.30 बजे दोनों मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। वह झरर घाट पुलिस चौकी के सामने पहुंचे तो यातायात अधिक होने से मोटरसाइकिल सड़क किनारे रोक दी। उनकी पत्नी सड़क पार कर दूसरी ओर खड़ी हो गईं। परिचित सुखनंदन पुत्र रामदयाल निवासी वर्मा विहार बातचीत करने लगे। तभी झांसी की ओर से गलत दिशा में आ रही महिंद्रा कार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

---

### नयागांव में खेत में लगे आम के पेड़ों की रखवाली कर रहे थे, संदिग्ध हत्या

# किसान के हाथ के पंजे कटे मिले, परिजनों ने अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे होने और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिलने के बाद परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को शहर के घंटाघर चौराहे पर प्रदर्शन कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

ग्राम नयागांव निवासी अनिल झां पुत्र धनीराम ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पिता धनीराम पुत्र हरदास अपने कुएं वाले खेत में लगे आम के पेड़ों की रखवाली कर रहे थे। आरोप है कि 27 मई 2026 को दोपहर करीब तीन बजे गांव के ही गफूर खां, कलामुद्दीन, वाहिद तथा कन्छेदी वहां पहुंचे और आम के पेड़ों पर अपना दावा जताते हुए धनीराम को रखवाली करने से रोकने लगे। शिकायत के अनुसार जब धनीराम और उनके पुत्र अनिल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि यदि आम के पेड़ों की रखवाली की गई या फल तोड़े गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस संबंध में सूचना गांव के चौकीदार को भी दी गई थी। परिजनों का कहना है कि 31 मई की रात करीब नौ बजे अनिल अपने पिता को खाना देने खेत पर पहुंचे, लेकिन धनीराम वहां नहीं मिले। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन थाने में सूचना दी गई और तलाश जारी रही। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खोजबीन के दौरान उन्होंने गांव के बाहर एक कुएं के पास कथित रूप से आरोपियों को उनके पिता को मुंह बंद कर जबरन वाहन में ले जाते हुए देखा था, लेकिन रात अधिक होने के कारण तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दे सके। इसी बीच 2 जून की शाम करीब छह बजे राजघाट बांध के बरदेही क्षेत्र के पास धनीराम का शव मिलने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की हालत देखकर उनके होश उड़ गए।

आरोप है कि मृतक के दोनों हाथों के पंजे कटे हुए थे और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। इसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को ललितपुर शहर के घंटाघर चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को जांच का विषय बताते हुए सभी पहलुओं पर पड़ताल शुरू कर दी है।

घंटाघर पर ग्रामीणों संग प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की



---

### गंदे पानी की शिकायत पर निरीक्षण किया

# अधिशासी अभियंता ने मौके पर जांची पेयजल की गुणवत्ता



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

शहर के कटरा बाजार एवं मउठाना क्षेत्र में लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतों के बाद जल संस्थान के अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया।

क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता अंकुर सानू बाबा द्वारा समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को क्षेत्रवासियों ने गंदे पानी की समस्या से अवगत कराया तथा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर पानी की वास्तविक स्थिति दिखाई। इस दौरान जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मुंशीलाल ने स्वयं पानी की गुणवत्ता का परीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को समस्या के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। लोगों ने अधिकारियों से कहा कि सभी नागरिक अपने घरों में वाटर फिल्टर लगाने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए विभाग की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने बताया कि गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल बना हुआ है। जल संस्थान के अधिकारियों ने समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि गंदे पानी की आपूर्ति के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तकनीकी खामियों को चिन्हित कर जल्द ही स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता मुंशीलाल अपनी टीम सहित उपस्थित रहे।

---

### बसपा की सेक्टर व बूथ गठन बैठक संपन्न

# 2027 में मायावती को फिर मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



बहुजन समाज पार्टी ने सेक्टर क्रमांक 52 जामुनधाना अंतर्गत बूथ संख्या 586 एवं 587 के बूथ गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि झांसी मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में रामसिंह कुशवाहा, केहरसिंह गौतम (मंडल प्रभारी), जानकी प्रसाद बौद्ध एड.(जिलाध्यक्ष), कीरत सिंह लोधी (पूर्व विधानसभा प्रभारी), संतोष अहिरवार (तालबेहट विधानसभा अध्यक्ष) तथा अर्जुन लाल (सेक्टर प्रभारी) सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए, जिनकी देशभर में मिसाल दी जाती है। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे, डा.शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध प्राविधिक विश्वविद्यालय, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, मान्यवर कांशीराम शहरी आवास योजना, थाना दिवस एवं तहसील दिवस जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं और व्यवस्थाएं बसपा शासनकाल की देन हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प लें, ताकि बहुजन समाज पार्टी की सरकार पुनः प्रदेश में बन सके और आमजन को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा सामाजिक न्याय का लाभ मिल सके। बैठक के दौरान संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

---

### प्रतिबंधात्मक आदेश 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगा आदेश

# मुहर्रम व परीक्षाओं को लेकर ललितपुर में धारा 163 लागू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

जनपद में आगामी मुहर्रम पर्व एवं जून-जुलाई माह में प्रस्तावित विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लागू कर दी है। यह आदेश 3 जून से 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मुहर्रम पर्व के दौरान तथा विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन के समय असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने अथवा सामाजिक सौहार्द प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू करना आवश्यक है। आदेश के अनुसार जनपद में किसी भी स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी राजनीतिक दल, संगठन या व्यक्ति को सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना धरना, प्रदर्शन, जुलूस अथवा सार्वजनिक आयोजन करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा जनपद की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा, चाकू, भाला, आग्नेयास्त्र अथवा अन्य घातक हथियार लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं घूम सकेगा। विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध केवल ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों तथा विशेष परिस्थितियों में दिव्यांग व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा।

प्रशासन ने धार्मिक स्थलों पर भड़काऊ भाषण, आपत्तिजनक नारेबाजी, साम्प्रदायिक या जातीय भावना को भड़काने वाली गतिविधियों पर भी रोक लगाई है। किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों, जुलूसों और धार्मिक आयोजनों में शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर शामिल होने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जिले में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर दायरे में परीक्षार्थियों, परीक्षकों, कक्ष निरीक्षकों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके साथ ही परीक्षा तिथियों में परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट, कंप्यूटर एवं संबंधित दुकानों को भी निर्धारित अवधि तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनी रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विशेष परिस्थितियों में अपर जिलाधिकारी अथवा संबंधित उप जिलाधिकारी (ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा) द्वारा अनुमति दिए जाने पर आदेश में निर्धारित प्रतिबंधों में सीमित छूट प्रदान की जा सकेगी।

---

### शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बीएसए से की मुलाकात

# शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी शासनादेश जारी किए जाने के बाद शिक्षक संगठनों ने इसके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग तेज कर दी है। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने बीएसए से मुलाकात कर सभी पात्र कर्मचारियों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जल्द उपलब्ध कराए जाने की मांग की। बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा, शासनादेश तथा बेसिक शिक्षा निदेशक के पत्रांक 130904-14002 दिनांक 2 जून 2026 के अनुसार परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों को स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों को यह सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने बीएसए से यह भी मांग की कि ऐसे शिक्षामित्र एवं अनुदेशक, जो कम मानदेय, शारीरिक अस्वस्थता अथवा अन्य व्यक्तिगत कारणों से नियमित रूप से विद्यालयों में सेवाएं नहीं दे पा रहे थे, उनके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए मानदेय और सकारात्मक वातावरण में उन्हें पुनः नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ विद्यालयों में कार्य करने का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र एवं अनुदेशक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके अनुभव का लाभ विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। इससे विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा तथा राष्ट्र निर्माण के कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी देवेंद्र श्रीवास्तव 'गुरु' ने भी नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।

---

### नवागत बीएसए का शिक्षा मित्रों ने स्वागत किया

# स्थानांतरण, समायोजन प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में नवागत बीएसए रत्नेश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा जनपद में शिक्षा मित्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस ने बीएसए को बताया कि जनपद के शिक्षा मित्रों का स्थानांतरण एवं समायोजन कार्य पिछले लगभग पांच माह से लंबित पड़ा हुआ है, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षा मित्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा मित्र अपने ससुराल क्षेत्र के नजदीकी विद्यालयों में तथा पुरुष शिक्षा मित्र अपने मूल निवास के समीप स्थित विद्यालयों में समायोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण उन्हें दूरस्थ विद्यालयों में कार्य करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शिक्षा मित्रों के हित में स्थानांतरण एवं समायोजन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही, जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया। केहरसिंह बुंदेला, अशोक कुमार अहिरवार, शैलेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह परमार, शैलेंद्र राजा बुंदेला, अशोक परिहार मौजूद रहे।

---

### दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

# कचहरी गेट पर महिला से 20 हजार रुपए की रंगदारी वसूली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

कचहरी के बाहर एक महिला और उसकी बेटी को रोककर पुराने मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देकर 20 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कल्यानपुरा निवासी एवं वर्तमान में आजादपुरा में रह रही कपूरी पत्नी अंगद शनिवार को अपनी पुत्री रश्मि राजपूत के साथ एक पुराने मुकदमे की तारीख की जानकारी लेने कचहरी पहुंची थीं। जब वह कचहरी परिसर के मुख्य गेट के बाहर पहुंचीं, तभी वहां पहले से मौजूद पलैया कालोनी निवासी अरविंद एवं संतोष पुत्र सुरेश कुशवाहा ने उन्हें रोक लिया। पीड़िता के अनुसार दोनों आरोपियों ने उनके द्वारा पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि मुकदमे में उनके 20 हजार रुपये खर्च हुए हैं और वह रकम तत्काल वापस करनी होगी। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए तो परिणाम भुगतने होंगे। कपूरी का आरोप है कि आरोपियों की धमकियों से भयभीत होकर उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए 20 हजार रुपये दे दिए।

---

### दिगंबर जैन समाज ने मुख्यमंत्री का आभार जताया, धन्यवाद पत्र भेजा

# फाजिलनगर का नाम बदलकर महावीर नगर किए जाने से हर्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुशीनगर ऐतिहासिक स्थल फाजिलनगर (पावापुर/पवननगर) का नाम बदलकर महावीर नगर किए जाने के निर्णय का जैन समाज ने जोरदार स्वागत किया है। इस संबंध में श्रीदिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक आभार पत्र डीएम के माध्यम से प्रेषित किया। समिति पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जारी पत्र में मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि 2 जून को प्रदेश सरकार द्वारा फाजिलनगर को उसका वास्तविक ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाला नाम महावीर नगर प्रदान किया जाना जैन समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। इस निर्णय से देशभर के जैन समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। आभार पत्र में उल्लेख किया गया कि जैन समाज सदैव अहिंसा, सद्भाव और सात्विक जीवन मूल्यों का समर्थक रहा है। सीएम के नेतृत्व में प्रदेश में भारतीय संस्कृति, धार्मिक विरासत और ऐतिहासिक पहचान के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि अतीत में जिन धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों की पहचान धूमिल हो गई थी, उन्हें फिर से सम्मान और गौरव दिलाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए ऐसे सकारात्मक कदम आगे भी उठाए जाते रहेंगे। इस दौरान पार्श्वनाथ समिति के अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, सीए सौरभ जैन, दिगंबर जैन अभिनंदोदय अतिशय तीर्थक्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर के वरिष्ठ प्रबंधक एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद पंकज जैन मोदी, सतीशचन्द्र जैन एड., विजय जैन, कैप्टन राजकुमार जैन, प्रफुल्ल जैन, संजीव जैन, प्रतीक जैन, राकेश जैन, अमित जैन, सजल जैन, राजकुमार जैन, सन्मति जैन, धन्यकुमार जैन एड., पवन जैन सहित प्रबंध समिति सदस्य अशोक जैन, अभिषेक जैन, नरेन्द्र जैन, सुमित जैन तथा दिलीप जैन ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत किया।

### मौके पर लोगों की जमा हुई भीड़, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किए वायरल


# जनसुनवाई के बीच पानी की टंकी पर चढ़ी महिला, पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक महिला पुलिस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शहर स्थित ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित रोजड़ खुर्द गांव निवासी महिला द्वारा किए गए इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब कलेक्टर और पुलिस प्रशासन की जनसुनवाई चल रही थी, उसी दौरान तेज धूप और गर्मी के बीच महिला अचानक पानी की बड़ी टंकी पर चढ़ गई। महिला धीरे-धीरे टंकी के अंतिम हिस्से तक पहुंच गई और वहां से ही जोर-जोर से अपनी बात रखने लगी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

#### महिला को सुरक्षित नीचे उतारा

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय अमला मौके पर पहुंचा। काफी देर तक समझाइश, बातचीत और भरोसा दिलाने के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सांसें भी अटकी रहीं, क्योंकि जरा सी चूक बड़ा हादसा बन सकती थी। महिला ने पुलिस अधिकारियों के सामने आरोप लगाया कि वह कई दिनों से थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने अपने पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना, मारपीट और गलत व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना था कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट होती है और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया।



#### नियमानुसार कार्रवाई करेंगे

महिला की शिकायत और आरोप के आधार पर हम पूरी जांच कर रहे हैं। जांच के आधार पर जो भी सही होगा हम नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। फिलहाल पूरी जांच कर रहे हैं।

**-मंजू मखेनिया**, टीआई, कोतवाली, राजगढ़

#### समझा बुझाकर उतारा लोगों की तलाश शुरू

घटना के बाद महिला को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ले जाया गया, जहां अधिकारियों ने उसकी शिकायत सुनी। सूत्रों के अनुसार, कोतवाली पुलिस ने तत्काल संबंधित गांव में पुलिस बल रवाना कर संबंधित लोगों की तलाश शुरू कर दी थी।

#### पत्र में आरोप

इधर...गांव के एक व्यक्ति ने चौकीदार और गांव के पटेल के माध्यम से एक परिवार तक कथित तौर पर एक पत्र पहुंचाया, जिसमें आरोप लगाया गया कि परिवार का युवक उसकी पत्नी को लेकर चला गया है। पत्र में कथित रूप से बड़ी रकम की मांग और भविष्य में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी तय करने जैसी बातें लिखी गई थीं। ग्रामीणों के अनुसार, पहले कृषि पाइपलाइन और खेतों में नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हुईं। इसके बाद आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं। सोमवार रात गांव के एक किसान के करीब 11 बीघा खेत से जुड़े भूसे के ढेर में आग लगने की घटना सामने आई। आग में खेत की टपरिया और अन्य कृषि सामग्री भी जलकर राख हो गई। इससे पहले भी गांव के दूसरे किसान के भूसे में आग लगने की शिकायत सामने आई थी।

#### टंकी पर चढ़कर महिला ने लगाए ये आरोप

- कई दिनों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप
- पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना और मारपीट के आरोप
- पुलिस और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग
- विरोध के दौरान कहा अब मेरी कोई नहीं सुन रहा

#### मुख्य बातें...

- कथित पत्र के जरिए एक परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए
- बड़ी रकम मांगने और नुकसान की चेतावनी का दावा
- शिकायत के बाद दर्ज हुआ मामला
- इसके बाद बढ़ीं तनाव और झगड़े की घटनाएं
- लगातार आगजनी से सहमे ग्रामीण
- खेतों में रखे भूसे के ढेर जलने की घटनाएं
- कृषि सामग्री और टपरियों को नुकसान
- ग्रामीणों का रात में पहरा देने का दावा
- पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू की

### हादसे में महिला गंभीर घायल

## हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और एक ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया।

सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। यहां मजदूरी कर रही रेखाबाई पति विष्णु (32) निवासी किठौर तथा ठेकेदार जगदीश पिता प्रेमनारायण निवासी सारंगपुर मंगलवार दोपहर भोजन करने के लिए बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शाजापुर की ओर से बायपास मार्ग पर आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी-07-जेडवी-5201 ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। रेखाबाई के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया, जबकि जगदीश का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में चालक सहित दो महिलाएं और एक बच्चा सवार थे। हादसे के बाद चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से वहां मौजूद करीब 65 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला वाहन की चपेट में आकर मामूली रूप से घायल हो गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार की तेज रफ्तार माना जा रहा है।

## पुरुषोत्तम मास के अवसर पर द्वारिकाधीश हवेली में हुआ भव्य नौका विहार मनोरथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के स्थित कुलमीपुरा मोहल्ला द्वारिकाधीश हवेली में श्रद्धा और भक्ति के साथ नौका विहार मनोरथ का आयोजन किया गया। इस विशेष धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर ठाकुरजी के दर्शन एवं मनोरथ का लाभ लेने पहुंचे हवेली में श्रद्धालुओं द्वारा यमुना जी का सुंदर स्वरूप सजाया गया तथा नौका का निर्माण कर भगवान द्वारिकाधीश को नौका विहार कराया गया आकर्षक सजावट और भक्तिमय वातावरण के बीच ठाकुरजी की मनोहारी झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। आयोजन के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला धार्मिक आयोजन के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस नौका विहार मनोरथ ने भक्तों को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

## ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र में समस्त देवी-देवताओं का वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपस्थ ग्राम जैतपुरा कलां में चल रही श्रीमद भागवत कथा में प्रथम दिवस पंडित सुरेश बिहारी नागर ने व्यास पीठ से बताया कि भागवत कथा श्रवण से पाप संकट से मुक्ति मिलती है, भागवत कथा के माध्यम से ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का सम्पूर्ण भावार्थ बताते हुए कहा कि इस मंत्र में ही सम्पूर्ण याने तेंतीस कोड़ी देवी देवताओं का जाप हो जाता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा को गणेश जी ने लिखा है जिसको लिखने पर सामने आया कि कथा तो लिख गई लेकिन इसमें श्रोता कथा वाचक ओर किसे श्रवण करवाईं जाये तब यह कथा शुक्र देव जी ने राजा परीक्षित को सुनाई जिससे राजा परीक्षित का मोक्ष हुआ। वैसे भागवत कथा सुनने का पहला अधिकारी कोन वह जो बिना बुलाए कथा सुनता है। भागवत कथा ब्राह्मण से शुरू होकर ब्राह्मण पर ही विश्राम होता है, आत्म देव नामक ब्राह्मण से कथा कि शुरुआत होकर विश्राम सुदामा नामक ब्राह्मण पर होता है। कथा आयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश गुप्ता जेतपुरा वाले हैं जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त कथा श्रवण कर रहे हैं।

#### आज निकलेगी भगवान श्रीराम की दिव्य बारात, भक्तों से शामिल होने का आह्वान

**नरसिंहगढ़।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के मंदिर श्री सत्यनारायण जी में आयोजित भव्य श्री संगीतमय श्रीराम कथा एवं पुरुषोत्तम महात्म्य के अंतर्गत 4 जून को भगवान श्रीराम की दिव्य बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति के अनुसार दोपहर 3 बजे से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा, जिसके पश्चात सायं 4:30 बजे भगवान श्रीराम की बरात मंदिर श्री सत्यनारायण जी परिसर से प्रस्थान करेगी। बरात में भगवान श्रीराम के स्वरूप, भजन-कीर्तन, झांकियां एवं धार्मिक उत्साह का विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजकों ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की यह दिव्य बरात भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद, भक्ति और पुण्य प्राप्ति का विशेष अवसर है। इस अवसर पर नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से परिवार सहित शामिल होकर भगवान श्रीराम के मंगलमय स्वरूप के दर्शन करने तथा भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण इस उत्सव का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## शासकीय भूमि पर मैदा फैक्ट्री के पास से हटाया पक्का मकान एवं बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के जीरापुर-पचोर रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय के सामने एक फैक्ट्री परिसर में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला, जिसमे दो मंजिला पक्का मकान और बाउंड्री बाल को ध्वस्त किया गया! प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार आनंदस्वरूप पिता पुरुषोत्तमदास मुंदडा की पचोर-जीरापुर रोड शासकीय महाविद्यालय के सामने स्थित फैक्ट्री परिसर में 2.626 सर्वे क्रमांक 1520/2/1 रकबा 0.268 हेक्टेयर पर अतिक्रमण 1600 वर्ग मीटर दो मंजिला भवन 400 वर्ग मीटर छोटा भवन रिक्त भूमि बाउंड्री वॉल बिना प्रशासनिक अनुमति के सरकारी भूमि पर बनाए गए थे! जिसे प्रशासन ने पूर्व में भी शासकीय प्रकिया के मुताबिक सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा था लेकिन अतिक्रमण कर्ता द्वारा नहीं हटाया गया।

तब पुनः सुचित कर मंगलवार की सुबह लगभग 9:30 बजे पुलिस बल प्रशासनिक राजस्व एवं नगर परिषद का अमला की मौजूदगी में यह कार्रवाई की जिसमें बुलडोजर चलाकर पूरे अवैध ढांचे को जमींदोज कर दिया गया! इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकिता जैन, तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा, पटवारी जगदीश चौहान, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### वैदिक मंत्रों से गूंज रहा क्षेत्र, समापन पर होगा वृक्षारोपण

## चाटक्या में चल रहा 9वां पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर




धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का संगम ग्राम चाटक्या में देखने को मिल रहा है, जहां 30 मई से 5 जून 2026 तक 9वां सप्त दिवसीय पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यज्ञ का शुभारंभ 30 मई, शनिवार को हैमाद्रि, श्री गणपति पूजन और पंचांग पूजन के साथ हुआ। उसी दिन से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भी हुआ। यज्ञ का समापन 5 जून, शुक्रवार को भव्य गंगा शोभा यात्रा, भागवत विराम और वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ होगा। उल्लेखनीय है कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।

कथा का रसपान कराने के लिए वृंदावन से पधारे पं. दीपक जी उपाध्याय व्यासपीठ को सुशोभित कर रहे हैं। वहीं यज्ञाचार्य के रूप में आचार्य पं. रमेशचन्द्र नागर, सद्गुरु आश्रम, पीपलहेला वैदिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। आयोजन समिति के कैलाश नागर उपाध्याजक्ष जनपद सारंगपुंर, सरपंच दुर्गाप्रसाद नागर ने बताया कि ग्राम चाटक्या, पाटक्या, मेहरी मोटी और भीलखेड़ा के समस्त ग्रामवासी यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं।